हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



## खबर संक्षेप

### सुधादेवी के नेत्र व त्वचा का किया महादान



**दुर्ग।** स्मृति नगर भिलाई निवासी सुधा देवी जैन के निधन के पश्चात जैन परिवार ने उनके नेत्रदान एवं त्वचा दान कर समाज को मिसाल दी है। सुधा देवी जैन के नेत्रों से दो परिवार रौशन होंगे व दो नेत्रहीन व्यक्ति फिर से दुनिया देख सकेंगे और जरूरतमंद लोगों को त्वचा मिल सकेगी। सुधा देवी जैन के निधन के पश्चात उनके पुत्र संदीप जैन, सीमांत जैन, श्रीकांत जैन, सुशांत जैन, पुत्री रीता, सरिता, सीमा, रुचिता व सुचिता एवं बहु साक्षी, राखी, श्वेता जैन, पौत्र श्रेयांश संजय जैन ने नेत्रदान एवं त्वचादान का निर्णय लिया। जैन परिवार के दामाद नीरज जैन एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, रितेश जैन, राजेश पारख के सहयोग से नेत्रदान एवं त्वचादान सम्पन्न हुए। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के डॉ उत्कर्ष बंसल, डॉ. कल्याणी, डॉ. सृष्टि एवं विवेक कसार ने नेत्रदान प्रक्रिया किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 के डॉ अनिरुद्ध, डॉ राहुल सिंगरौल, दीपक, राजन, विनीत ने त्वचादान की प्रक्रिया पूरी की।

### ज्वेलरी शॉप का ताला टूटा, 95 हजार की चोरी

**भिलाई।** ज्वेलरी शॉप का ताला तोड़कर नगदी समेत सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि केम्प 2, मिलन चौक, वार्ड 34 वीर शिवाजी चौक निवासी सुनील सोनी ग्राम मेडेसरा में पटेल काम्पलेक्स में मां दुर्गा ज्वेलर्स के नाम का शॉप है। शॉप का अज्ञात ने ताला तोड़कर गल्ले का 1 हजार, शो केस में रखे सोने चांदी के जेवर पुरानी इसतेमाली सोने का मंगल सूत्र, पत्ती, टाप्स, लाकेट, अंगूठीयां वगैरह करीबन 20 ग्राम पार कर दिया। साथ में चांदी का पायल, करधन, बिछिया, चैन, लछा, एठी पुरानी इस्तेमाली भी गायब मिला। चोरी हुए सामनों की कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है।

# मंत्री के सामने शिकायत... मिड-डे मील में काम के लिए मांगी जा रही रिश्वत

# नौकरी में बहाली के नाम पर कर्मी से अफसर ने की डेढ़ लाख की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे दुर्ग पहुंचे। उन्होंने बीजेपी कार्यालय पहुंचकर बीजेपी के विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की।

महज घंटेभर की इस बैठक में विधायकों और पदाधिकारियों ने प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर जमकर शिकायत की। बीजेपी के सिकोला-पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने शिक्षा विभाग में अफसरों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की खुलकर शिकायत की। उन्होंने लिखित में कहा कि मिड डे मील के नोडल अधिकारी सीधे तौर पर महिला समूहों से रिश्वत की मांग कर रहे हैं। पुराने समूहों से पैसे लेकर उन्हें पुनः काम दे दिया गया है। इसी प्रकार एक व्यक्ति जिन्हें किसी मामले में कोर्ट से निलंबित कर दिया गया था। कोर्ट ने उनकी बहाली का आदेश दिया, उनसे डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई है। उन्होंने नाम सहित उन अधिकारी के खिलाफ शिकायत की। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त नोडल यह कहते हैं कि डीईओ को भी पैसा देना है। डीईओ से जब इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने ऐसी किसी भी बात से इंकार कर दिया। इस प्रकार भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के मामले में पुलिस बिना जांच के सीधे अपराध दर्ज कर रही है। लगातार ऐसा हो रहा है। कुछ लोगों ने बैठक में गुप्त शिकायत की। विजय शर्मा ने का कि दी गई सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे बीजेपी कार्यालय, विधायक और पदाधिकारियों से की चर्चा

### विधायकों की कोर कमेटी बैठक में विकास कार्यों को लेकर रखे गए सुझाव





विजय शर्मा ने विधायकों के कोर कमेटी की बैठक ली। इस दौरान विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे। विधायकों ने डीएमएफ में होने वाली अनियमितता से अवगत कराया। विधायकों ने स्वीकृत कार्यों, निविदा प्रक्रिया में विलंब, फंड से जुड़े विषय से प्रभारी मंत्री को अवगत करया। आयोजित बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, तेलघानी बोर्ड आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, कांतिलाल बोथरा, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने विधायकों से उनके क्षेत्र में होने वाले कामों के बारे में भी पूछा।

## अनियमितता : विधायक गजेंद्र यादव ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां

# यशोदा हॉस्पिटल में अव्यवस्था, नदारद मिले डॉक्टर, वार्डों में नहीं थे एसी-कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भिलाई-दुर्ग में संचालित नर्सिंग होम और हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी इन हॉस्पिटल में निर्धारित सुविधाएं मरीजों और उनके परिजनों को नहीं मिल पा रही है। एक दिन पहले दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव गुरुद्वारा रोड स्थित यशोदा नंदर चिल्ड्रन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां अनियमितता देखकर उन्होंने जमकर नाराजगी व्यक्त की। वे अपने किसी कार्यकर्ता के बच्चे को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे थे। उन्होंने तत्काल ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को बुलवाया, लेकिन मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। पूछने पर पता चला कि कोई वार्ड ब्वाह है, उसे बुलाया गया। डॉक्टर को फोन किया गया, इसके बाद हॉस्पिटल के डायरेक्टरों में से एक डॉ. रितेश वाल्मीकि मौके पर पहुंचे। विधायक ने उनके सामने नाराजगी जताई। तत्काल सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी को फोन कर वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। इसके बाद डॉ. दानी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल हॉस्पिटल की जांच के लिए दो सदस्यीय दल का गठन किया। इसमें नर्सिंग होम के नोडल डॉ. श्रवण धनोरिया और आयुष्मान योजना का काम देख रहे देवेश त्रिवेदी को जांच कमेटी में शामिल कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

## सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने दो सदस्यीय जांच दल का किया गठन




### एक्ट के अंतर्गत जारी गाइडलाइन का नहीं हो रहा था पालन

जानकारी के मुताबिक हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत जारी गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा था। नर्सिंग होम एक्ट 2010 नर्सिंग होम और क्लिनिकल प्रतिष्ठानों को लाइसेंस देने और मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। ताकि स्वास्थ्य देखभाल में सुधार हो सके। इसके तहत अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने वाले अस्पतालों पर जुर्माना या बंद करने का प्रावधान है। 10 बिस्तर तक के अस्पतालों के लिए ऑनलाइन आवेदन और सभी शर्तों को पूरा करने के हलफनामे के साथ लाइसेंस जारी किया जाता है। 11 से 30 बिस्तर के अस्पतालों के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद ही लाइसेंस जारी होता है। नियमों के उल्लंघन पर कम से कम छह महीने की कैद और 10,000 रुपए के जुर्माना का भी प्रावधान है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इसे लागू किया गया है।

### लिफ्ट का पंखा बंद, वार्डों में नहीं थे एसी-कूलर

विधायक गजेंद्र यादव रात करीब 9 बजे हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान लिफ्ट का पंखा बंद था। वार्ड में भर्ती बच्चों को देखने के लिए डॉक्टर नहीं मिले। वार्ड में सिर्फ पंखा चल रहा था। एसी-कूलर के इंतजाम नहीं थे। इस वजह से उमस और गर्मी से भर्ती बच्चे और उनके परिजन खासे परेशान हो रहे थे। बैठने तक की व्यवस्था नहीं थे। परिजन सीढ़ियों, टेबल में बैठे हुए थे। सफाई के अभाव में वार्डों में अलग सी स्मैल भी आ रही थी। भर्ती मरीजों की सही तरह की देखभाल नहीं हो रही थी। इस पर विधायक ने जमकर नाराजगी व्यक्त की।

### आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा था मरीजों को

आयुष्मान कार्ड को लेकर मरीजों ने विधायक को बताया कि इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ट्रीटमेंट भी सही तरह से नहीं हो रहा। जांच के नाम पर ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं। इलाज सामान्य हॉस्पिटल से महंगा है, लेकिन सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली कि क्या इस हॉस्पिटल में नियमित रूप से जांच की जा रही है। यदि जांच हो रही है तो इस प्रकार की दिक्कत क्यों है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्राइवेट हॉस्पिटलों की जांच कराए जाए। मरीजों या उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### अनियमितता पर जांच

अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसके बाद जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच दल में नर्सिंग होम एक्ट के नोडल डॉ. श्रवण धनोरिया और आयुष्मान का काम देख रहे देवेश त्रिवेदी को शामिल किया गया है। दोनों को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग

### कलेक्टर से भी की है शिकायत

हॉस्पिटल में अव्यवस्था मिली। इसके अलावा परिजनों ने भी शिकायत की थी। मामला लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। शहर के सभी नर्सिंग होम और हॉस्पिटल में नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक जानकारी मिल सके। अधिकारियों से जांच के लिए कहा गया है। कलेक्टर से शिकायत की है।

**-गजेंद्र यादव,** विधायक दुर्ग शहर

# सरकारी अस्पतालों में नहीं सुविधा, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति पर जताई है। कोर्ट की सख़्त नाराज़गी ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है। अस्पतालों में इलाज के नाम पर हो रही लापरवाही, दवाओं की कमी, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और बदइंतजामी से जनता का जीवन दांव पर लगा है।

■ सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत में अंतर

जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि न्यायालय की टिप्पणियां यह साबित करती हैं कि सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। मरीज इलाज के इंतजार में तड़प रहे हैं, उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही, और सरकार केवल दिखावटी दावे करने में व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक की स्थिति चिंताजनक है। कई केंद्रों में डॉक्टर नहीं, दवाएं नहीं, और ज़रूरी उपकरण बंद पड़े हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी यह सवाल उठाया है कि आखिर जनता को उनके अधिकार का बुनियादी स्वास्थ्य ढांचा क्यों नहीं मिल रहा?

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जो स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध थीं। उन्हें मौजूदा सरकार ने या तो बंद कर दिया है या कमजोर कर दिया है। दवाई वितरण, निःशुल्क जांच, और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल हेल्थ यूनिट जैसी सुविधाएं अब नाम मात्र रह गई हैं। सरकार ने सुधार की दिशा में काम नहीं किया तो कांग्रेस को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### आवास का संकट, श्रमिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**भिलाई।** छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के बैनरतले आवास को लेकर बैठक की गई। समिति के कलादास डेहरिया ने बताया कि भिलाई औद्योगिक क्षेत्र में कई मजदूर बस्तियां हैं, जिन्हें आए दिन बुलडोजर चलने का डर सता रहा है। बस्तियों को तोड़ने के खिलाफ मजदूरों ने संघर्ष किया। उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। आज वे अपने आवास को बचाने मे सफल रहे। लेकिन आवास का संकट बना हुआ है। श्रमिकों ने न वेतन स्लिप दी जा रही है, न बोनस न पीएफ और न ही ईएसआई की सुविधा मिल पा रही है। बैठक में महेश साहू, सुमित्रा, सुभाष, राजेश, लक्ष्मी, सावित्री, किरण, देव चंद, बेबी खातुन, शांति, नीरा, सुरेन्द्र मोहन्ती, कंचन, पुष्पा सहित अन्य मौजूद थे।

# पेंशनधारियों को अब वार्षिक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट से करवाना होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम एवं समाज कल्याण विभाग ने पेंशनधारियों के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र लाभार्थियों को अपना वार्षिक सत्यापन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऐप के माध्यम से कराना अनिवार्य होगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि जो भी लाभार्थी समय पर सत्यापन नहीं कराएंगे, उनकी पेंशन भुगतान प्रक्रिया रोक दी जाएगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसारए यदि कोई भी पेंशनधारी समय सीमा के भीतर वार्षिक सत्यापन नहीं कराता है, तो उसकी पेंशन अगले माह से रोक दी जाएगी। ऐसे में पेंशनधारियों को आर्थिक परेशानी से बचने के लिए तुरंत प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। पहले पेंशन सत्यापन के लिए लाभार्थियों को कई दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब मोबाइल पर मौजूद डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऐप के जरिए यह काम आसानी से पूरा किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डाटा अपडेट होगा।

■ सत्यापन नहीं कराने परा पेंशन भुगतान रूकेगा

### इन योजनाओं के लिए जरूरी है यह सत्यापन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना।

**आवश्यक दस्तावेज और शर्तें** : पेंशनधारी को सत्यापन के समय स्वयं उपस्थित होना पड़ेगा। मोबाइल फोन साथ लाना जरूरी है, जिससे ऐप के जरिए सत्यापन किया जा सके। सत्यापन के लिए लाभार्थी अपने वार्ड के एआरआई या राजस्व विभागए कमरा नंबर 3, नगर पालिक निगम दुर्ग से संपर्क कर सकते हैं।

**डिजिटल व्यवस्था से मिलने वाले फायदे** : नई डिजिटल प्रक्रिया से पेंशनधारियों को लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। यह प्रणाली तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक है। साथ ही सभी डाटा तुरंत अपडेट होकर रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम होगी। जागरूकता संदेश आपकी पेंशन आपका हक है, लेकिन वार्षिक सत्यापन आपकी जिम्मेदारी है, समय पर करें, पेंशन पाएं।

# मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** सेवा, सादगी और संघर्ष की प्रतिमूर्ति ममतामयी माता मिनीमाता की पुण्यतिथि पर दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा मिनीमाता चौक पुलगांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित कांग्रेसजन, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर अरुण वोरा ने कहा छग की पहली महिला सांसद, गुरु मां मिनीमाता का जीवन समाज सेवा के उच्चतम आदर्शों का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने दलित, वंचित और शोषित वर्ग की आवाज़ को संसद तक पहुंचाया और महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय व जनकल्याण के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, तपस्या और सेवा भाव हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, अरुण वोरा सहित पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष आरएन वर्मा, छत्रसाल गायकवाड़, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, नंदू महोबिया, आसिफ अली, रत्ना नारमदेव, वंदना राठौर, अशोक मेहरा, राजेन्द्र खुटेल, सुधीर चंदेल, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को बचाने के लिए आदिवासियों की समृद्धशाली संस्कृति से लें सबक : डॉ. रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने आदिवासी क्रांतिकारी जननायकों के बलिदानों को स्मरण करते हुए उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य कहा कि आदिवासी समृद्धशाली संस्कृति के मालिक हैं। वे पर्यावरण के संरक्षक हैं। देश के उत्थान में आदिवासी क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी संस्कृति उनके योगदानों का साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से उल्लेख होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि आज की संस्कृति में प्रकृति के संसाधनों का अधिक से अधिक दोहन कर पर्यावरण, जलवायु को क्षति पहुंचा रहे हैं। उसका परिणाम हमें विभिन्न बीमारियों एवं जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा, विनाश के रूप में भुगतना पड़ रहा है। आदिवासी संस्कृति से सबक लेते हुए प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यावरण को बचाने हेतु संकल्प लेना चाहिए। डॉ. जागृत ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी सिंह, द्वितीय हेमपुष्पा, तृतीय संतोषी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हेमपुष्पा, द्वितीय वैदेही एवं श्वेता ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। आदिवासी वेशभूषा में भावना, मुस्कान, ललिता, थामेश्वरी, लिकेश्वरी उपस्थित रही। कविता मालेकर, तृप्ति साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्ता बाखला ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

■ महाविद्यालय में आदिवासी दिवस का आयोजन

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने किया भूमिपूजन, ग्रामीण ललित चंद्राकर हुए शामिल

# अंजोरा में बनेगा शिवनेरी स्वागत द्वार, शिवाजी की प्रतिमा होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति दुर्ग द्वारा बहुप्रतीक्षित शिवनेरी स्वागत द्वार एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल प्रतिमा निर्माण का भूमि पूजन अंजोरा ख में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने की। विशेष रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन एवं जनपद के पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल हरमुख उपस्थित थे।

■ शिवाजी महाराज को राष्ट्र और धर्म के लिए प्रेरणा स्रोत



ललित चन्द्राकर ने शिवाजी महाराज को राष्ट्र और धर्म के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए, स्वागत द्वार एवं प्रतिमा निर्माण के लिए संपूर्ण राशि देने की घोषणा की।

### हिंदुत्व के प्रतीक थे शिवाजी

कोर्सेवाड़ा ने शिवाजी महाराज के सामाजिक सद्भाव एवं भेदभाव रहित समाज निर्माण के योगदान को रेखांकित किया। जागेश्वर साहू ने उन्हें हिंद स्वराज का संस्थापक बताते हुए कहा कि वे किसी एक जाति के महापुरुष नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदुत्व के प्रतीक थे। कुंवर सिंह निषाद ने शिवाजी महाराज को जनता का सच्चा राजा बताते हुए उनके विचारों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का आधार बताया और उन्हें राष्ट्रीय चेतना एवं समाज के प्रणेता के रूप में संबोधित किया। समिति अध्यक्ष संजय देशमुख ने स्वागत भाषण दिया।

आभार प्रदर्शन मोहन हरमुख ने किया। समारोह का संचालन जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी सरपंच संतोष सारथी रहे। इस अवसर पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा, गोपेंद्र किशोर बेलचंदन, मराठा समाज के नेता संजय दानी, तेजबहादुर बंछोर, कौशल वर्मा, रोशन वर्मा, मातृसंघ पदाधिकारी पवन दिल्लीवाल, डॉ. नीलम देशमुख, महिला अध्यक्ष प्रीति देशमुख, कल्पना देशमुख, पुष्पा देशमुख, कौशल देशमुख, सुकदेव यादव, हेमन्त देशमुख, धनेश देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

### सभी धर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक

भूपेश बघेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, युद्धनीति, मातृ एवं गुरु-प्रेम, समाज और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा पर अनेक प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने शिवाजी महाराज को किसानों, महिलाओं एवं सभी धर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक बताते हुए, उनके विचारों को रामराज्य का आधार कहा। साथ ही उनके विचारों को आत्मसात करने जोर दिया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत चरोदा में सफाई

**भिलाई।** भारतीय रेलवे में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 1 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छ ट्रेन, स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा भिलाई मार्शलिंग यार्ड, जोन-2 रेलवे कॉलोनी स्थित बड़े गार्डन ओपन जिम में विशेष सफाई किया गया। अभियान में उन क्षेत्रों की सफाई की गई, जहां पहले पेड़ों और झाड़ियों के कारण चलना भी मुश्किल था। श्रमिकों और अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से परिसर पूरी तरह स्वच्छ और सुव्यवस्थित बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रायपुर डिवीजन कोऑर्डिनेटर डी. विजय कुमार, इलेक्ट्रिकल लोको शेड ब्रांच सचिव सेशु बाबू, पीपी यार्ड शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार, पंकज शर्मा,शिव प्रसाद मोरिया, अनुचाको सोनी समेत 70 से अधिक कर्मी मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन**

सविनय निवेदन है कि मैं श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 कोबिया, बी.टी.आई. कालोनी तहसील बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे नाम से जारी आधारकार्ड में मेरा नाम श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी हिन्दी में नाम सही है जबकि .अंग्रेजी में मेरा नाम स्पेलिंग (Sharya Tiwari S/O Ravindra Tiwari) गलत रूप से अंकित हो गयी है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची में मेरा नाम स्पेलिंग श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी (SHREYA TIWARI S/O RAVINDRA TIWARI) दर्ज है जो सत्य एवं सही है। और मुझे इसी नाम से जानी व पहचानी जानी चाहती हूं, तथा मेरा नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपने नाम के आधारकार्ड नं. 6788 7040 0876 में श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी (SHREYA TIWARI S/O RAVINDRA TIWARI) रखना चाहती हूं जिसके चलते मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी हिन्दी में नाम सही है जबकि अंग्रेजी में मेरा नाम (Sharya Tiwari S/o Ravindra Tiwari) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी (SHREYA TIWARI S/O RAVINDRA TIWARI) दर्ज कराना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं।

अतः आपसे अनुरोध है कि, मेरे उक्त नाम परिवर्तन को शासकीय गजट में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**आवेदिका**
**श्रेया तिवारी पिता रवींद्र तिवारी**
**वार्ड नं. 10 कोबिया, बी.टी.आई. कालोनी तहसील बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 अकोला स्कूल के बच्चों ने निकाली हर घर तिरंगा की रैली



10 अंजोरा में बनेगा शिवनेरी स्वागत द्वार, शिवाजी की ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूर्ण, हुई ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के बेसिक स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के की फुल ड्रेस रिहर्सल उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की अगुवाई में आयोजित इस रिहर्सल में सुरक्षा से लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक सभी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।

मुख्य अतिथि की भूमिका एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई ने निभाई। उन्होंने परेड में शामिल पुलिस बल, नगर सैनिक दल, स्काउट-गाइड और एनसीसी की टुकड़ियों की सलामी स्वीकार की। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस पूर्वाभ्यास में वहीं सभी व्यवस्थाएं लागू रहीं जो कल 15 अगस्त को मुख्य समारोह में होंगी, ताकि राष्ट्रीय पर्व पर कोई कमी न रहे। मैदान में सजी-धजी टुकड़ियों की मार्चपास्ट, तिरंगे की शान में बजते बैंड और अनुशासित कदमताल ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्रा, छात्राओं द्वारा देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं विभिन्न विभागों, संस्थाओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार एवं पदक वितरण समारोह भी आयोजित होगा। शाम के समय जिले के सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और प्रमुख स्थलों को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नज़र आएगा।

### बेसिक स्कूल मैदान में गूंजे देशभक्ति के स्वर







### ये रहे मौजूद

रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, साजा एसडीएम पिंकी मनहर, बेरला एसडीएम दीप्ति वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने अनुशासित परेड, सुंदर प्रस्तुति और सटीक व्यवस्थाओं के लिए आयोजकों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### वनांचल सिटी के पीछे जुआ खेलते 5 पकड़ाए

**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश की 52 पत्ती और नगदी 14700 रुपए जब्त किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली वनांचल सिटी के पीछे 32 एकड़ भिलाई में कुछ लोगों द्वारा रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जामुल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। जहां से जुआरी बैकुंठधाम छावनी निवासी नंदलाल सोनकर, भुनेश्वर खुटेल, राजू कुरैशी उर्फ शरीफ, कसाई पारा केम्प-2 आयान कुरैशी और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा।

### युवक के साथ मारपीट

**भिलाई।** थाने में युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराना पीड़ित को भारी पड़ गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। जामुल पुलिस ने बताया कि अप्पू मेश्राम नामक युवक को शिकायत मिली कि एसीसी लेबर कैम्प में चोरी मारपीट की वारदात हो रही है। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने उसे दिया फिर अप्पू ने पुलिस में युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। तीन आरोपी जेल पहुंच गए। जेल से छुटकर आने ते बाद अप्पू बेटी को लेकर कहीं जा रहा था। तभी युवकों ने इसका पीछा किय पीड़ित अपनी जान बचाकर छिप गया। फिक दोबारा आरोपी युवकों ने पीड़ित का पीछा करते हुए लोहे के रॉड से हमला कर घायल कर दिया।

### मजदूर की काम के दौरान मौत के मामले में फैक्ट्री संचालक पर केस

**भिलाई।** फैक्ट्री में काम करते समय भारी वजनदार सामान गिरने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा मजदूर घायल होने के मामले में पुलिस ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ अपराध काम किया है। घटना 16 दिसंबर 2014 की है। जामुल पुलिस ने बताया कि फौजी नगर रविदास नगर वार्ड 25 जामुल निवासी प्रीतराम साहू नियोटेक फाउंड्रीज कंपनी इंडस्ट्रीयल एरिया में कार्यरत था। काम के समय उसके सिर पर लोहे का भारी वजनदार सामान गिर गया। घटना में दो मजदूर चपेट में आए थे। जिसमें प्रीतराम की मौत हो गई। दीनदयाल साहू को चोट आई थी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने नियोटेक फाउंड्रीज कंपनी इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई का जांच किया। इस दौरान जानकारी सामने आई कि फैक्ट्री संचालक द्वारा कर्मियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं किया था। जिसके कारण कर्मी की मौत हुई थी।

### फ्रेंचाइजी का झांसा देकर लाखों की ठगी

**भिलाई।** नेचुरल आईसक्रीम की फ्रेंचाइजी का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि श्रेय निकेतन 271 ,आर्य नगर संजना जैन के मोबाइल पर अज्ञात ने नेचुरल आईसक्रीम का फ्रेंचाइजी देने के नाम पर अलग अलग किस्तों मे 4.24 लाख रुपये का ठगी किया। महिला से नेचुरल आइसक्रीम फ्रेंचाइजी के नाम पर आनलाईन ठगी किया गया। इसे लेकर पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) पर भी शिकायत किया है।

## बीमारी

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव में उपचार शुरू

## मटिया में फैला डायरिया, एक ही परिवार में मिले 3 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

तेज धूप, उमस और बढ़ते तापमान व मोहल्ले में गंदा पानी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। बेरला ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव में बुखार, खांसी और डायरिया के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। मटिया-बारगांव में भी कुल 4 मरीज मिले हैं। यहां यहां बताना लाजिमी है कि इसमें से एक ही परिवार के तीन मरीज हैं, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति के बाद फिर बुधवार को जिला अस्पताल बेमेतरा में रिफर किया गया है। मौसम में बदलाव, दूषित भोजन और प्लास्टिक की बोतलों में दूध पीने से बीमारियाँ फैल रही हैं। गर्मी व उमस से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव में ओपीडी में पहुंचने वाले अधिकांश मरीज बुखार और खांसी से पीड़ित निकले। इसके अलावा कुछ लोगों को पेट में दर्द या संक्रमण की भी शिकायत थी। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बलविंदर यादव ने कहा कि मौसम में बदलाव की वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं। तेज धूप में से आकर ठंडा पानी पीने से गले में खराश और खांसी की शिकायत हो रही है। जो लोग एसी में रहते हैं और अचानक निकलकर बाहर धूप में चले जा रहे हैं, वह वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं।

बासी खाना खाने की वजह से लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदनी मंडारे ने बताया कि गर्मी व दूषित खाने की वजह से बच्चे उल्टी-दस्त की चपेट में आ रहे हैं और डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। डॉक्टर यादव ने बताया कि मटिया में डायरिया से एक ही परिवार के 2 सदस्य पीड़ित थे, साथ मे एक बच्चा भी अपनी दादी के साथ आया हुआ था। डॉक्टर यादव की नजर उस बच्चे पर पड़ी तो उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव में जांच करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला भेजा गया फिर उस बच्चे को ब्लड की कमी के कारण बुधवार को जिला अस्पताल बेमेतरा रिफर किया गया। जहाँ उस बच्चे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। यदि उस बच्चे की जांच में कुछ समय देर होती तो स्थिति भयावह होती। बारगांव व आनंदगांव क्षेत्र में मरीजो के लिए डॉ बलविंदर यादव का प्रयास हमेशा सराहनीय है। वे अपने टीम को सही जांच व सलाह देने दिशा-निर्देश देते रहते हैं। साथ ही आपको यह बताना लाजिमी है कि रात में 2 बजे भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में डॉक्टर यादव पहुँच जाते हैं।



### ताजा भोजन और साफ पानी का करें उपयोग

मेडिकल ऑफिसर डॉ. बलविंदर यादव ने बताया कि तेज धूप व उमस से बचने के लिए बाहर निकलते समय शरीर को ढककर निकलें। पैदल जाते समय छाता का प्रयोग करें। भरपूर मात्रा में ताजा पानी पीएं, बर्फ पड़ा हुआ कोई भी पेय पदार्थ न पीएं, बासी और दूषित भोजन न करें। बच्चों को गिलास या कटोरी से ही दूध पिलाएं, प्लास्टिक की बोतल का प्रयोग न करें। ज्यादा जरूरी हो तो स्टील की बोतल से दूध पिलाएं और हर बार गर्म खौलते हुए पानी से उसको साफ करें। कटे रखे या गले हुए फल खाने से परहेज करें।

### बोरपंप व पानी टंकी के स्थान पर कराई जाएगी सफाई : शशिकला

ग्राम पंचायत बारगांव की सरपंच शशिकला मिश्रा ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदगांव से डायरिया पीड़ति की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को डायरिया से बचने कोटवार द्वारा गांव में सूचना कराई गई व डायरिया से बचने सलाह दी गई।साथ ही पीने के पानी बोरपंप व पानी टंकी के स्थान पर सफाई करवाया जाएगा।

### गांव में तत्काल लगाया जाए शिविर : वर्मा

मटिया में डायरिया से पीड़ित की जानकारी मिलने के बाद भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बलविंदर यादव से फोन पर चर्चा कर डायरिया से पीड़ित मरीज की जानकारी ली, साथ ही उनके उपचार के लिए डॉक्टर यादव को सतत संपर्क में रहने कहा और गांव में तत्काल शिविर लगाने कहा ताकि सही समय मे बाकी लोगों का उपचार हो सके। साथ ही गांव वालों को सफाई पर ध्यान देने कहा गया।

## जिला मुख्यालय में सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे एवं मुख्यमंत्री का संदेश जनता के नाम वाचन करेंगे। मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्धसैनिक बल, पुलिस एवं नगर सेना की टुकड़ियां आकर्षक मार्च-पास्ट के माध्यम से सलामी देंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों—पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाटक शामिल होंगे। कार्यक्रम में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कर्मियों, स्वच्छता कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों को रोशनी से सजाया जाएगा तथा सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।



- मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान में होगा

## आधे घंटे की बारिश से खेत हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

नगर में बुधवार की शाम 4 बजे का नज़ारा कुछ अलग था। हफ्तों से तपते खेतों और झुलसते पौधों के ऊपर अचानक घने बादल छा गए।

हवा में ठंडक घुली और देखते ही देखते तेज बारिश ने पूरे इलाके को भिगो दी। करीब आधे घंटे तक हुई यह झमाझम बरसात किसानों के लिए राहत की सांस लेकर आई।

यह बारिश भले ही थोड़े समय की थी, लेकिन खेतों में जमा धूल धुल गई, पत्तियों पर ताजगी लौट आई और मिट्टी में नमी का हल्का एहसास होने लगा। पिछले कई हफ्तों से नवागढ़ ब्लॉक के 80 प्रतिशत खेतों में धान पीलापन और ठहराव का शिकार थे। कहीं पौधे झुक गए थे, तो कहीं बढ़वार पूरी तरह रुक चुकी थी।

किसान चंद्रपाल साहू कहा ने कहा आधा घंटा ऐसा लगा जैसे धान ने पानी पीकर जान पा ली हो। लेकिन एक बरसात से पेट नहीं भरता, आगे भी पानी जरूरी है। अगर आगे बारिश नहीं हुई तो यह नमी जल्द ही खत्म हो जाएगी।

मिथलेश सोनकर ने कहा आज तो पौधे खड़े हो गए, लेकिन पत्तियों का रंग बदलने में वक्त लगेगा। एक हफ्ते में और पानी पड़ा तो फसल बच जाएगी, नहीं तो फिर से सूखा रंग चढ़ जाएगा।

कृषि विभाग के एसएडीओ आर चर्तुवेदी ने आज की बारिश से जरूर राहत मिली है, लेकिन स्थायी सुधार के लिए अगले कुछ दिनों में लगातार अच्छी बरसात होना जरूरी है। अभी फसल की जड़ों में पानी का प्रवाह शुरू हुआ है, लेकिन पौधों को पीलापन से निकालने के लिए नमी बरकरार रहनी चाहिए।

- किसानों को मिली बड़ी राहत

## हरदी-लाटा मार्ग की दरारें भरने में जुटा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के ब्लॉक बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदी से लाटा तक 4 किलोमीटर सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। इस खबर को हरिभूमि ने प्रकाशित किया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 28 दिसम्बर 2022 को बेमेतरा विधानसभा के देवरबीजा में भेंट-मुलाकात में आये और विभिन्न विकास कार्य की घोषणाएं की, जिसमें ब्लॉक बेरला के ग्राम हरदी से लाटा तक 4 किलोमीटर की सड़क निर्माण की घोषणा शामिल रही। उसके बाद लोक निर्माण विभाग अंतर्गत यह कार्य किया गया, जिसमें ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्राम हरदी से लाटा तक पीडब्ल्यूडी बेमेतरा अंतर्गत सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। वहीं कार्य एजेंसी ठेकेदार की कार्य व गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए थे कि कुछ महीनों में सड़क धसने व कई जगह दरारें दिखाई ▸▸| शेष पेज 12 पर



- हरिभूमि ने उजगार की थी ठेकेदार की मनमानी,

### अब सड़क कई जगह धसने लगी

हरिभूमि टीम ने खबर का प्रकाशन किया तो दरारे को ढकने के नाम पर गुणवत्ताहीन मटेरियल की उपयोग कर मरम्मत की गई। वह भी उखड़ते नजर आ रहे हैं। आखिर कार ठेकेदार अपनी कार्य व गुणवत्ता को दिखाना चाहते है या फिर सड़क में कुछ ही महीने में पड़ने वाले दरारों को छिपाने का काम कर रह है। अब भी वही सड़क पर कई जगहों पर धसने लगे है। साथ ही पुलिया की दोनों तरफ गड्ढे सड़क की साईड शोल्डर पर फिलिंग करना भूल गए। इस कारण दोनों तरफ गड्ढे होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटने की बड़ी संभावना बनी हुई है। कई जगह पर सड़क के बीच हो या साइड शोल्डर दर्जनों जगह पर दरारें आ गई है। जबकि इस सड़क की निर्माण लगभग एक साल हो रहे हैं और लीपापोती का कार्य अभी से दिखाई देने लगे हैं। वहीं पुलिया बनाने के बाद साईड फीलिंग करना भूल गए। साथ ही दरार दिखाई दे रहे हैं। इस निर्माण कार्य में शासन-प्रशासन की कम सक्रियता एवं मौजूदगी का फायदा निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही व मनमानी ठेकेदारों द्वारा बरती गई है। वही संबंधित इंजीनियर की निरीक्षण व जानकारी जांच के अभाव के चलते घटिया निर्माण कार्य को अंजाम देना ठेकेदार व इंजीनियर पर स्थानीय अंचल वासियों में सवाल व्याप्त हो रहे है, जिसका ताजा नजारा इन दिनों ब्लॉक बेरला के तहसील भिंभौरी निकतवर्तीय ग्राम हरदी से लाटा जाने वाले सड़क की है। निर्माण एजेंसी ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने पर प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों के लिए आश्चर्य का विषय है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों-मुसाफिरों के लिए भविष्य में खतरे का कारण बना हुआ है।

## पीएम सूर्य घर योजना के लिए विद्युत विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

एम सूर्य घर योजना पर विद्युत विभाग ने जिला मुख्यालय स्थित महेश्वरी भवन में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विद्युत विभाग के अलावा अनेक सोलर वेंडर्स एवं बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं को सोलर कनेक्शन, बिजली बिल छूट एवं सब्सिडी संबंधी जानकारी देकर घरों में सोलर प्लांट लगाए जाने प्रेरित किए।

जानकारी के अनुसार शिविर में लगभग 195 उपभोक्ता ने सोलर कनेक्शन संबंधी जानकारी लेने शिविर में पहुंचे, जिनमें से 14 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यपालन अभियंता बेमेतरा जेएस भटनागर ने बताया कि शेष उपभोक्ताओं द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं किए जाने से पंजीयन संख्या अपेक्षाकृत कम रही, जो कि आगामी दिवस में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी परिलक्षित करेगी। शिविर में बिजली विभाग से अधीक्षण अभियंता दुर्ग सलील खरे, एस टी एम दुर्ग प्रफुल पलसोकर, कार्यपालन अभियंता बेमेतरा जेएस भटनागर, कार्यपालन अभियंता साजा मनीष शुक्ला एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### जिले को पहली बार मिला प्रदेश अध्यक्ष का पद

## राहुल टिकरिहा को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को हुई। इसमें बेमेतरा जिले के जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह प्रदेश एवं बेमेतरा जिला गठन के बाद पहला अवसर है, जब किसी स्थानीय नेता को भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, इससे पहले जिले के नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठ में अहम जिम्मेदारियां मिल चुकी हैं, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष का पद अब तक किसी के खाते में नहीं आया था। इस नियुक्ति को जिले की नई पहचान और राजनीतिक ताकत के रूप में देखा जा रहा है।

- बेरला क्षेत्र से लगातार बढ़ रहा राजनीतिक दबदबा



### राहुल का संगठनात्मक सफर

राहुल टिकरिहा भाजपा किसान मोर्चा संगठन में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रह चुके हैं। भाजपा सहकारिता जिला प्रकोष्ठ में संयोजक के रूप में भी उन्होंने काम किया। डिजिटल माध्यम से पार्टी को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने में उनका योगदान अहम माना जाता है।

### बेरला क्षेत्र पर हाईकमान का भरोसा

बीते दिनों भाजपा हाईकमान ने जिले के बेरला क्षेत्र पर खासा भरोसा जताया है। पहले से ही जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू वर्मा इसी क्षेत्र से हैं। अब राहुल टिकरिहा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति के साथ संध्या परगनिहा को प्रदेश मंत्री और पूर्व विधायक अवधेश चंदेल को प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक का पद दिया गया है। ये सभी बेरला क्षेत्र के निवासी हैं, जिससे यहां का राजनीतिक दबदबा और बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### छात्र छात्राओं ने किया पौधरोपण

**खडगांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। प्राचार्य वर्षा रानी एवं शिक्षकों ने छात्र छात्राओं का सहयोग करते हुए पौधरोपण कराया। छात्र छात्राओं ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### कालेज में व्यास पूजा आयोजित

**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में 13 अगस्त को प्राचार्य डॉ एकेधमगाये के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई ने व्यास पूजा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वेदव्यास के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। सरस्वती वंदना तथा राज्य गीत प्रस्तुत किए गए। स्वागत के पश्चात प्राचार्य डॉ धमगाये ने महर्षि वेदव्यास के योगदान पर अपनी बात रखी साथ ही महाभारत काल से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया। इसी कड़ी में प्रो प्रियांकी गजभिए ने पूजा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु शिष्य परम्परा के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ नम्रता देवांगन, जॉनसन प्रसाद चौधरी उपस्थित थे। संचालन भवेश दास ने किया।

### तेलिनबांधा में जन्माष्टमी महोत्सव 16 को

**टाटेकसा।** छुरिया ब्लाक के ग्राम तेलीनबांधा में आगामी 16 अगस्त को झेरिया यादव समाज एवं ग्रामवासियों ने जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन रखा है। मुख्य अतिथि माननीय जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान होंगे। अध्यक्षता जेआर यादव करेंगे। विशेष अतिथि विपीन यादव, तरूण सिन्हा, पलनी स्वामी नायडु, सरपंच गायत्री कंवर, जेआर अहीर, सेवकराम यादव, शिवकुमार यादव, पन्नालाल यादव, गुरूदेव यादव होंगे।

### सुआ नृत्य पर थिरके बच्चे

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर को सहेजने के उद्देश्य से भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। छोटी माता भोजली की विधिवत पूजा अर्चना के साथ भैया बहनों ने जस गीत गाते हुए बांधा तालाब में विसर्जन किया। विसर्जन पश्चात सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य रोहित निर्मलकर, आचार्य आदि उपस्थित थे।

### विज्ञान एवं कृषि मेला का आयोजन

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 अगस्त को गणित, विज्ञान एवं कृषि मेला, मॉडल प्रदर्शन, प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि बीईओ आरएल पात्रे, सरस्वती शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष बूंदा वर्मा, सेवाराम पटेल थे।

### बालभारती के अध्यक्ष बने तुषार

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य प्रकाश यादव और बोधन भारद्वाज के मार्गदर्शन में बाल भारती का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष तुषार टेंबुरकर, उपाध्यक्ष दीक्षा मेश्राम, सचिव दीपांशु यादव, सह सचिव मिष्टी डडसेना, कोषाध्यक्ष माधुर्य देवांगन, सहायक आरुषि अम्बाडे, सेनापति तुषार महोबिया, उप सेनापति मयंक पांडे, चिकित्सा प्रमुख संजीवनी गजभिये, सहायक जागृति महोबिया, डुमेश कुमार, पत्रकारिता प्रमुख आदित्य वर्मा, सहायक ओजस्वी, खोया पाया प्रमुख डिंपल देवांगन, अर्पित गोमास्ता, अनुशासन प्रमुख उमेश साहू, सहायक खुशी चंद्रवंशी हैं।

## पेज 9 का शेष

### हरदी-लाटा मार्ग ...

देने लगे साथ ही सड़क की साईड शोल्डर में फिलिंग का कार्य अधूरा था, जो कि अब भी सड़क की साईड शोल्डर की मिट्टी पानी में बह गए और दरारे और भी दिखाई दे रहे हैं। लिहाजा ठेकेदार अपनी कार्यशैली को छिपाने के लिए लीपापोती का काम करते नजर आ रहे हैं।

---

आयोजन

हर मंडल में तिरंगा यात्रा से और मजबूत हो रही देशभक्ति की भावना

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीतों के साथ निकाली बाइक तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को सरदा मंडल भाजपा के प्रभारी व भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा व सहप्रभारी गौकरण साहू के नेतृत्व में एक भव्य बाइक रैली आयोजित की गई। यह रैली भव्यता के साथ सरदा मंडल से शुरू होकर कठिया तक पहुंची।

इस तिरंगा बाइक रैली यात्रा में हर घर तिरंगा अभियान के जिला प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेल, भाजपा नेता योगेश तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेरला के बलराम पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंदेल, बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत, सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा और पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में शामिल सभी बाइकों पर तिरंगा लगाया गया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और अन्य देशभक्ति के नारे गगनभेदी स्वर में लगाए। हर घर तिरंगा अभियान के जिला प्रभारी ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में देशभक्ति की भावना और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई। प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेल ने कहा कि 15 अगस्त से पहले ही पूरा माहौल तिरंगामय हो गया है और हर नागरिक इस अभियान से जुड़ रहा है। भाजपा नेता योगेश



तिवारी ने कहा कि तरिंगा भारत की एकता गौरव और भारतीयता की पहचान का प्रतीक है और सभी देशवासियों में राष्ट्रप्रेम के भाव को जागृत करता है।

सरदा मंडल भाजपा के प्रभारी व भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि हर मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, जिससे देशभक्ति की भावना और अधिक मजबूत हो रही है। "हर घर तिरंगा" अभियान देश तथा तिरंगे के प्रति इस भावना और सशक्त करने का अवसर है। तिरंगा बाइक रैली में सरदा मंडल के संयोजक लालू साहू, सहसंयोजक अश्वनी मानिकपुरी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री समीर वर्मा, लोमेस सेन, राजेन्द्र साहू, नरहर निर्मलककर, विष्णु साहू, युवराज साहू, पंकज साहू, रेखराज साहू, नारद यादव, सनत चौधरी, सुरेश वैष्णव, पप्पु वर्मा, ललिता साव, चेतन साहू, सालिक साहू, पुनीत साहू, राजेन्द्र साहू, त्रिलोक साहू, दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अकोला स्कूल के बच्चों ने निकाली हर घर तिरंगा की रैली



**बेमेतरा।** साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत गाँव में बच्चें हाथों में झंडा लेकर भारत माता की जयकारा लगाते हुए रैली निकालकर गाँव भ्रमण किए। शाला के प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बच्चों कों बताई कि हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना है। यह अभियान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर की पट्टी केसरिया रंग की है, जो देश भक्ति और साहस का प्रतीक है। बीच की सफ़ेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का प्रतीक है। और हरी पट्टी भूमि की उर्वरता और वृद्धि की प्रतीक है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ हेमलता ठाकुर सहायक शिक्षक, डाकवर ठाकुर शिक्षाविद अंजू मेश्राम आँगन बाड़ी कार्यकर्ता, देवेंद्र वैष्णव पंच प्रतिनिधि, जितेंद्र वर्मा उपसरपंच, जगाधर साहू शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष मीना यादव, छबीलाल पंच राजेश ध्रुव, ईश्वरी यादव, जयचंद साहू, ठाकुर राम निषाद, नीलकंठ ध्रुव, आशीष ध्रुव, डोमन ध्रुव सभी बच्चों के साथ रैली में शामिल हुए और देशभक्ति के नारे लगाए।

### बच्चों कों बांटे टाई बेल्ट, आई कार्ड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा कक्षा एक से लेकर पाँच तक सभी बच्चों को अपने स्वयं के व्यय से टाई, बेल्ट और आई कार्ड वितरण की जिससे बच्चें सुंदर दिखे और एकरूपता के साथ यूनिफार्म में स्कूल आये, हिमकल्याणी बच्चों के पढ़ाई लिखाई में निरंतर संभव मदद करती है, जिसकी प्रसंशा गाँव वाले भी करते है।

# कन्या स्कूल की बालिकाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बेमेतरा।** कन्या प्राथमिक शाला देवकर में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से चार्ट निर्माण किया एवं तिरंगा लहराते हुए नाराओं के साथ रैली निकाली और लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों ने नागरिकों को उक्त अभियान अपने घरों पर 15 अगस्त तक तिरंगा लगाने की अपील की। बच्चों ने तिरंगा का पोस्टर और कार्ड बनाया।




प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बताया कि यह अभियान देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान की भावना से ओत प्रोत है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार को गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करके एकता देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। वीणा रावटे ने तिरंगे के तीनों रंगों का महत्व बताया एवं बताया की प्रत्येक रंग एक सीख प्रदान करता है। इस प्रकार के अभियान बच्चो एवं प्रत्येक नागरिकों के लिए प्रेरणास्पद है। बच्चों द्वारा निकाली गई रैली से प्रभावित होकर देवकर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, सेवानिवृत्त शिक्षक ललित अग्रवाल बहुत खुश हुए। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल के अनुकरणीय कार्यों से प्रभावित होकर सभी बच्चों को उपहार देकर पुरस्कृत किया। उक्त आयोजन शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, वीणा रावटे, प्रियंका साहू, पुष्पा, महेशिया, भीमा, खेमा, सुनीता, सुंदर उपस्थित थे।

### तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव

**नवागढ़।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में ग्राम सरपंच कालिंद्री बाई शिवारे, उपसरपंच कुमारी योगिता राजपूत, दीपक शिवारे, कमलेश राजपूत, मनीष कुमार साहू सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए गांव के विभिन्न हिस्सों से गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने "वन्दे मातरम्" और "भारत माता की जय" के नारों से वातावरण देशभक्ति रंग में रंग दिया।




## छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा, ग्रामीणों को किया जागरूक



**बेमेतरा।** प्राथमिक शाला बीजागोड़, संकुल केन्द्र सुवरतला, विकास खंड साजा में बुधवार को स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के उद्धेश्य को लेकर पालकों को जागरूक करने तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बच्चों ने नारा लगाते हुए विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गीत गाते गाये। शाला परिसर से निकली यात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण की और लोगों से अपील की कि आप सभी लोग अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा जरूर लगाए। बच्चों ने ग्रामवासियों को बताया कि हमें बस कुछ सावधानियों का ध्यान रखना है कि झंडा उल्टा न फहरे, जमीन पर न गिरे, फोटो खींचकर गूगल में जरूर भेजे, झंडा कहीं से कटा फटा बिल्कुल न हो। इसका ध्यान जरूर रखे।हमारे देश की आन बान शान तिरंगे झंडे का हमें सम्मान करना है। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विशेषर नेताम और नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने तिरंगे झंडे की ड्राइंग पोस्टर, चित्रकारी की, रंगोली बनायी अपने हाथों पर तिरंगा बनाकर अनेकता में एकता के भाव को प्रदर्शित किया। हिन्द देश के निवासी सभी जन एक होकर तिरंगे के नीचे देशभक्ति की भावना में भाव विभोर दिखाई दे रहे थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर बच्चों ने दिखाई कला



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा में अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया।

शिक्षक ओमनारायण साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय आदिवासी संस्कृति की अपनी एक विशेष पहचान है। यह सरलता, सहजता, सामूहिकता और प्रकृति के साथ घनिष्ठ संबंध पर आधारित है। उन्होंने 'जीओ और जीने दो' के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आदिवासियों की कला, संस्कृति, परंपरा और प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस आयोजन में शिक्षक लोकेश साहू, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, नीलेश कुमार वर्मा, राधेश्याम ईसदा और रामस्वरूप साहू सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

# नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित जिले के शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण में चारों विकास खंड में आयोजित

नवीन पाठय पुस्तक के अंतर्गत कक्षा छठवीं के विषय गणित और हिंदी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे और अकादमिक सदस्य व नोडल अधिकारी व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, थलज कुमार साहू निरीक्षण करने पहुंचे। साथ में बीईओ नीलेश चंद्रवंशी, बीआरसी बी डी बघेल भी थे। शासकीय हाई स्कूल परसबोड़ ब्लाक साजा पहुंचे। जहां हिंदी विषय का प्रशिक्षण चल रहा था।

जहां डाइट प्राचार्य ने प्रशिक्षण कक्ष में प्रशिक्षार्थियों के बीच विचार व्यक्त करते हुए कहा पांच दिनों का प्रशिक्षण पूरी तरह से सफल रहा। हमारे सभी मास्टर ट्रेनर्स ने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और पूरी तरह से गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिए हैं। सभी प्रशिक्षार्थियों का यह कर्तव्य है कि इन पांच दिनों के प्रशिक्षण में जो कुछ भी सीखा है उसे 100% अपने बच्चों के बीच में लेकर जाना है। प्रतिदिन कक्षा में पूरी तैयारी के साथ जाएं। आपके पढ़ाने की शैली को देखकर बालक भी समझ जाता है कि आज हमारे शिक्षक अच्छे से नहीं पढ़ा पा रहे हैं। छात्र-छात्राएं बहुत ही पारखी नजर वाले होते हैं। वे शिक्षकों को भी परखते हैं कि कौन सा शिक्षक आज तैयारी के साथ आया है, और कौन नहीं।



जिस तरह से एक लकड़हारा जब लकड़ी काटने जाता है तो पहले वह अपनी कुल्हाड़ी की धार को तेज करता है। लकड़हारा प्रतिदिन अपनी कुल्हाड़ी की धार को तेज करता है। ताकि उसे लकड़ी काटने में सुविधा हो। इसी तरह से आप सबको भी प्रतिदिन अपनी कक्षा में जाने से पूर्व पूरी तैयारी के साथ जाना है। ताकि विद्यार्थी को भी उसे विषय वस्तु में खूब मजा आए। जब विद्यार्थी को विषय वस्तु में पढ़ाने पर उन्हें रुचि आती तभी वह कक्षा में ध्यान केंद्रित करता है। शिक्षक शिक्षिकाएं अपनेउत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी पूर्वक करें। जिस कार्य को करने से हमारी रोजी-रोटी चलती है उस कार्य के प्रति हमें हमेशा वफादार रहें। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का दायित्व है कि वह निर्धारित समय के पूर्व शाला में अपनी उपस्थिति देवें। समय के पाबंद और कर्तव्य निष्ठ शिक्षक का छात्र-छात्राएं बहुत आदर करते हैं। आपकी दक्षता, आपकी क्षमता, आपकी योग्यता, आपकी प्रतिभा, आपके गुणों के ऊपर किसी को भी किंचित मात्र भी शंका नहीं है। फिर भी समय के हिसाब से अपडेट होते रहना है।

इस दौरान डाइट प्राचार्य घृतलहरे ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया। प्रशिक्षण के समापन की अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स योगेश साहू, शंकर प्रसाद वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, जैराम सिंह मरावी, नोक राम साहू, गणेश्वर दीवान, माखनलाल वर्मा, चुरावन सिंह बघेल, तारन दास मानिकपुरी, ओमकार डड़सेना, त्रिलोकी ताम्रकार, पुष्पा साहू, गीतांजलि अग्रवाल, सहित दोनों विषय के 150 से भी ज्यादा प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

# संकुल प्राचार्यों का प्रशिक्षण 18 और 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रशिक्षण का उद्देश्य है छात्रों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 18 और 19 अगस्त को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में आयोजित किया गया है।

प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है। इसमें एक संकुल से एक संकुल प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य, वरिष्ठ व्याख्याता की उपस्थिति अनिवार्य है। 18 अगस्त को विकासखंड बेमेतरा और नवागढ़ के संकुल प्राचार्यों का एवं 19 अगस्त को विकासखंड साजा और बेरला के संकुल प्राचार्यों के आयोजन किया गया है। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना है। इसके लिए क्षेत्र का चयन कर उनके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाएगी। सभी संकुल प्राचार्य यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर 20 अगस्त को अपने-अपने संकुल में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और उनकी मॉनिटरिंग सीधे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा की जाएगी।

सभी संकुल प्राचार्य निर्धारित दिनांक एवं निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण देने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर की ओर से दो मास्टर ट्रेनर्स (राज्य स्त्रोत व्यक्ति) विकेश यादव और दीपिका साहू की नियुक्ति की गई है, जो संकुल प्राचार्यो को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने अपने गाइडलाइन में स्पष्ट तौर पर कहा है कि सभी संकुल प्राचार्य को इस प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता लेना है और इस प्रशिक्षण के लिए कोई प्रतिनिधि मान्य नहीं होगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में होने वाले संकुल प्राचार्यों के इस प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षार्थियों के लिए पेन, डायरी, स्वल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की गई है। सभी संकुल प्राचार्य इस प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।




